पश्चिमी बंगाल में सुन्दरवन का विकास

2171. **श्रीमती सरला माहेश्वरी** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पश्चिमी बंगाल में सुन्दरवन को एक पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है, और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) और (ख) सुन्दरवन का पर्यटक केन्द्र के रूप में विकास करना मुख्यतया पश्चिम बंगाल राज्य सरकार की जिम्मेवारी है । तथापि, केन्द्रीय पर्यटन विभाग ने सुन्दरवन क्षेत्र में पर्यटक आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए निम्नलिखित परियोजनाओं/स्कीमों को स्वीकृत किया है :—

1. सुन्दरवन में तैरता आवास
2. सुन्दरवन के लिए परिभ्रमण पोत
3. प्याली में पर्यटक गृह
4. कचेखाली में पर्यटक गृह
5. दमखली में मार्गस्थ सुविधाएं

इण्डियन एयरलाइन्स के कर्मीदलों को भत्ते

2172. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इण्डियन एयरलाइन्स ने समय-समय पर काकपिट कर्मीदल के भत्तों में वृद्धि की है जबकि केबिन कर्मीदल के भत्तों में उस अनुपात में वृद्धि नहीं की गयी है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान केबिन कर्मीदल और काकपिट कर्मीदल के भत्तों में की गयी अलग-अलग वृद्धि का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या भत्तों के इस अंतर को ध्यान में रखते हुए सरकार इण्डियन एयरलाइन्स के केबिन कर्मीदल के भत्तों में वृद्धि करने का विचार रखती है;

(घ) यदि हां, उसका ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) और (ख) इण्डियन एयरलाइन्स के काकपिट कर्मीदल और केबिन कर्मीदल के जो सामान्य भत्ते हैं, उन्हें पिछली बार 1-11-1989 को संशोधित किया गया था और केबिन कर्मीदल तथा विमानचालकों (प्रथम अधिकारी)/उड़ान इंजीनियरों को जो समग्र वृद्धि की मंजूरी दी गई थी, वह लगभग 35% थी । कमाण्डरों और कैप्टनों को 1-11-1989 से क्रमशः 55% और 40% की वृद्धि की मंजूरी दी गई थी ।

(ग) से (ङ) इण्डियन एयरलाइन्स के कर्मचारियों की सभी श्रेणियों को 1-9-1990 से पांच वर्षों की अवधि के लिए वेतन और भत्तों का संपूर्ण प्रश्न राष्ट्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण को भेजा गया है ।

Manufacturing of Light Transport Aircraft

2173. SHRI V. NARAYANASAMY : Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state :

(a) whether Government propose to invite industrial entrepreneurs to develop and manufacture indigenous light transport aircraft in the country; and

(b) if so, whether there is any response from the industrial houses in this regard ?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI MADHAVRAO SCINDIA) : (a) and (b) No, Sir. Manufacture of light transport aircraft has been delicenced subject to the satisfaction of the locational policy of the Government. However, an entrepreneur is setting up a unit for manufacture of a light transport aircraft for which technical clearance, in principle has been given by Directorate General of Civil Aviation.